कार्यालयः- अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) गढ़वाल मण्डल पौड़ी
E-mail- adgarhwalmandalpauri@gmail.com

पत्रांक/सेवा.अराज./3क(2)/2661-72/अटल उत्कृष्ठ/2024–25 दिनांक 10 जून, 2024

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
गढ़वाल मण्डल

विषयः– **अटल उत्कृष्ट विद्यालयों मे तैनाती के फलस्वरूप शिक्षकों को अनिवार्यतः कार्यभार मुक्त/ग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में**

महोदय,

गढ़वाल मण्डलान्तर्गत स्नातक वेतनक्रम में कार्यरत शिक्षकों के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में तैनाती किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थे जिसमें कतिपय शिक्षकों द्वारा अटल उत्कृष्ट विद्यालयों का विकल्प दिये जाने के पश्चात कार्यभार ग्रहण न किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध सूच्य है कि अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में चयन हेतु शिक्षकों को परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु अवकाश स्वीकृत किया गया है तथा शिक्षकों द्वारा अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में तैनाती किये जाने हेतु स्वयं विकल्प दिये गये है। जिससे अन्य शिक्षकों द्वारा सम्बन्धितों के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों का विकल्प/चयन नहीं किया जा सका। शिक्षकों को अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में तैनाती के पश्चात कार्यभार ग्रहण किये जाने में छूट दी जाती है तो अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आना निश्चित है। जिससे अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में कमी होनी सम्भव है।

अतः छात्र हित को देखते हुये आप अपने जनपदान्तर्गत अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में कांउसिलिंग के माध्यम से स्वयं विकल्प दिये जाने के फलस्वरूप तैनात सभी शिक्षकों को अनिवार्यतः कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण करवाना सुनिश्चित करें। कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण होने वाले शिक्षकों की संकलित सूचना तत्काल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

संलग्नकः– अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में तैनाती आदेश की छाया प्रति संलग्न।

(डॉ.एस0बी.जोशी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।

पृ0सं0/सेवा0अराज0/2661-72/अटल उत्कृष्ट/3क(2)/2024–25/दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः–

1– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
2– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी गढ़वाल मण्डल।
3– सम्बन्धित प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 को इस निर्देश के साथ की सम्बन्धित शिक्षकों को कार्यभार मुक्त एवं कार्यभार ग्रहण करवाना सुनिश्चित करें एवं कार्यभार मुक्त एवं कार्यभार ग्रहण की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4– अटल उत्कृष्ट विद्यालयो में चयनित समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं को इस निर्देश के साथ प्रेषित की आप आदेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्तर्गत तैनाती के विद्यालय में अनिवार्यतः कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।
5– कार्यालय पत्रावली हेतु।

अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।